भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 779
दिनांक 04.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

जालंधर में जल परियोजनाओं में विलंब

†779. श्री चरनजीत सिंह चन्नीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या जालंधर में सतही जल आपूर्ति परियोजनाओं को पूरा करने में किसी देरी के कारण वर्ष 2025 के मानसून के दौरान बाढ़ और जलभराव की स्थिति और बिगड़ गई है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परियोजनाओं के शेष चरणों को शुरू करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और
(ग) जल जीवन मिशन के अंतर्गत, विशेषकर जालंधर में शहरी जल अवसंरचना उन्नयन के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ग): भारत सरकार देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु पीने योग्य नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम) का कार्यान्वयन कर रही है।

पंजाब सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, सभी ग्रामीण परिवारों को पेयजल आपूर्ति से कवर कर लिया गया है और जालंधर में कोई ग्रामीण सतही जल आपूर्ति परियोजना कार्यान्वयनाधीन नहीं है।

पेयजल राज्य का विषय है। पेयजल आपूर्ति योजनाओं की आयोजना, डिजाइन, अनुमोदन और कार्यान्वयन की अनुमति संबंधित राज्यों को दी गई है। इसके अलावा, जेजेएम विशिष्ट रूप से देश के ग्रामीण परिवारों को कवर करता है, इसलिए शहरी जल अवसंरचना परियोजनाएं जेजेएम के अंतर्गत नहीं हैं।

*****